# उत्तर रेलवे

## भारत सरकार, रेल मंत्रालय
## रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे
### रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 01/2018/एसक्यू
वेबसाइटः www.rrcnr.org

## वर्ष 2018–19 के लिए ओपन मार्केट विज्ञापन द्वारा स्पोर्ट्स कोटे में खिलाड़ियों की भर्ती

उत्तर रेलवे में वर्ष 2018–19 हेतु खेल कोटे में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पीबी–1 रु. 5200–20200, जीपी 1900/2000 **(6ठे सीपीसी)**/पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के लेवल 2 और 3 में **16 रिक्तियों** और पीबी–1 रु. 5200–20200, जीपी–2400/2800 **(6ठे सीपीसी)**/पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी समूह ग के लेवल 4 और 5 में **05 रिक्तियों** के लिए पात्र भारतीय खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **अलग–अलग विधा/खेल के लिए, पात्र होने पर, प्रत्येक आवेदन के लिए लागू अलग परीक्षा शुल्क सहित अलग आवेदन भरना होगा।**

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| **रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि** | **15.12.2018** |
| **ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय** | **17.12.2018 को 1200 बजे** |
| **ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि और समय** | **18.01.2019 को 1200 बजे** |
| **परीक्षण की संभावित तिथि** | **01.02.2019 से 15.03.2019 के बीच** |

**1.0 पदों का विवरणः**

| क्र.सं. | खेल | स्पर्धा/खेल की स्थिति | रिक्तियों की संख्या | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एथलेटिक–पुरुष | 100 मीटर<br>400 मीटर<br>ऊंची कूद<br>शॉट पुट | 01<br>01<br>01<br>01 | 04 |
| 2 | हॉकी–पुरुष | गोलकीपर<br>फुल बैक<br>फारवर्ड | 01<br>01<br>01 | 03 |
| 3 | हॉकी–महिला | फारवर्ड<br>हाफ बैक | 02<br>01 | 03 |
| 4 | क्रिकेट–महिला | प्योर बैट्स वीमेन (आरएच/एलएच)<br>ऑल राउंडर (आरएच/एलएच स्पिन/एमपी | 01<br>01 | 02 |
| 5 | बास्केटबॉल–पुरुष | सेंटर<br>फारवर्ड | 01<br>01 | 02 |
| 6 | बास्केटबॉल–महिला | फारवर्ड<br>पिवट | 02<br>01 | 03 |
| 7 | वॉलीबॉल–पुरुष | सेंटर ब्लॉकर<br>ऑल राउंडर | 01<br>01 | 02 |
| 8 | हैंडबॉल–महिला | सेंटर प्लेमेकर<br>लेफ्ट बैक | 01<br>01 | 02 |
| | **कुल** | | | **21** |

**2. पात्रता मानदंड**

**(i) आयु सीमाः 01.01.2019 को 18–25 वर्ष**

**(ii) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः**

(क) **पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के लेवल 2 और 3 के लिए 12वीं कक्षा पास**

(ख) **पे मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के लेवल 4 और 5 के लिए स्नातक**

**(III) खेल योग्यताः**

खेल कोटे में भर्ती के लिए न्यूनतम मानदंड अर्हता प्रदर्शन/स्थान के अतिरिक्त होंगे। इन प्रावधानों को पैरा के नीचे नोट के साथ पढ़ा जाएगा।

| क्र. सं. | मौजूदा पे बैंड/वेतनमान (6ठा सीपीसी) | 7वें सीपीसी में लेवल | भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानदंड |
|---|---|---|---|
| 1 | पीबी–1 5200–20200 जीपी रु. 2400/2800 | लेवल 4 और 5 | ओलिंपिक खेलों (श्रेणी 'ए') में देश का प्रतिनिधित्व किया हो या |
| | | | एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के अलावा किसी भी श्रेणी 'बी' चैंपियनशिप/स्पर्धा में कम से कम तीसरा स्थान |
| 2 | पीबी–1 5200–20200 जीपी रु. 1900/2000 | लेवल 2 और 3 | किसी भी श्रेणी 'बी' चैंपियनशिप/स्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व किया हो या |
| | | | किसी भी श्रेणी 'सी' चैंपियनशिप/स्पर्धा में कम से कम तीसरा स्थान या |
| | | | सीनियर/युवा/जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान या |
| | | | भारतीय ओलिंपिक संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम से कम तीसरा स्थान या |
| | | | भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान या |
| | | | फेडरेशन कप चैंपियनशिप (सीनियर श्रेणी) में पहला स्थान |

**नोटः**

(i) अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट (पुरुष और महिला) में, टेस्ट मैच या सीमित ओवर के एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच या ट्वेंटी–20 ओवर्स मैच में मुख्य भारतीय सीनियर टीम के प्रतिनिधित्व पर भी पे बैंड 5200–20200 में रु. 1900 या रु. 2000 ग्रेड पे वाले पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जाएगा।

(ii) राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट में, बीसीसीआई के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय/एक दिवसीय सीमित ओवर्स/ट्वेंटी–20 ओवर्स पुरुष/महिला क्रिकेट चैंपियनशिप (विजी ट्रॉफी के सिवाय) में निम्नलिखित खेल उपलब्धियों पर भी पे बैंड 5200–20200 में रु. 1800 या रु. 1900 ग्रेड पे वाले पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जाएगा।

| क्र. सं. | चैंपियनशिप का विवरण | श्रेणी | 7वें सीपीसी के लेवल 2 और 3 में भर्ती के लिए न्यूनतम खेल उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| (क) | अखिल भारतीय अंतर राज्यीय एलाइट और प्लेट ग्रुप चैंपियनशिप | सीनियर/युवा (अंडर–23)/जूनियर (अंडर–19) | एलाइट ग्रुप चैंपियनशिप के सेमी फाइनल विजेता |
| (ख) | अखिल भारतीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (अंडर–19) | अखिल भारतीय नॉक आउट स्टेज के सेमी फाइनल विजेता |
| (ग) | अखिल भारतीय अंतर क्षेत्रीय चैंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (अंडर–19) | फाइनल विजेता |

(iii) एथलेटिक्स में, राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक विजेता प्रदर्शन पर, पीबी 5200–20200 में ग्रेड पे 1900 वाले पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जा सकता है।

(iv) हॉकी में, चार या अधिक देशों के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में कम से कम दूसरे स्थान पर, पे मैट्रिक्स सातवें सीपीसी के लेवल 2 और 3 वाले पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

(v) बास्केट बॉल में, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया या इसकी संबद्ध इकाइयों द्वारा आयोजित स्पर्धा में खेल उपलब्धियों पर को भर्ती के लिए विचार नहीं किया जाएगा। तथापि **श्री के. गोविंद राज** की अध्यक्षता वाले **बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया** द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में 26.07.2017 के बाद भागीदारी और पदक जीतने के प्रदर्शन पर भर्ती के लिए विचार किया जाएगा।

(vi) वॉलीबॉल में, वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया या इसकी संबद्ध इकाईयों द्वारा 02/01/2017 के बाद आयोजित स्पर्धा में खेल उपलब्धियों पर भर्ती के लिए विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, महासचिव **श्री राम अवतार सिंह जाखड़** के नेतृत्व में **वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा** आयोजित स्पर्धाओं में 20.07.2017 के बाद भागीदारी और पदक विजेता प्रदर्शन पर भर्ती के लिए विचार किया जाएगा।

(vii) ऊपर वर्णित सभी चैंपियनशिप मान्यताप्राप्त अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित की जानी और रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड (आरएसपीबी) द्वारा मान्यताप्राप्त होनी चाहिए।

(viii) उच्चतर लेवल के लिए खेल मानदंड धारक और निम्नतर लेवल की रिक्तियों हेतु आवेदन करने वाले खिलाड़ियों पर केवल आवेदित लेवल पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है। ऐसे मामलों में खिलाड़ी को एक अंडरटेकिंग देना होता है कि वह रेलवे में भर्ती होने के बाद उच्चतर लेवल के लिए दावा नहीं करेगा।

(ix) निम्नलिखित खेल विधाओं में भर्ती के लिए, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप हेतु आयु समूह को प्रत्येक के सामने उल्लेख के अनुसार माना जाएगाः –

| क्र. सं. | विधा | श्रेणी | मान्यता प्राप्त जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का विवरण: आयु समूह | चैंपियनशिप का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **एथलेटिक्स** | पुरुष | अंडर–20 | जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप |
| 2. | **हॉकी** | पुरुष | अंडर–21 | जूनियर (अंडर–21) राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप |
| | | महिला | अंडर–19 | जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप |
| 3. | **क्रिकेट** | | | |
| | | महिला | अंडर–19 | अंतरराज्यीय अखिल भारतीय नॉक आउट/अंतर राज्यीय क्षेत्रीय टूर्नामेंट (एक दिवसीय सीमित ओवर्स चैंपियनशिप) |
| | | | अंडर–19 | अखिल भारतीय अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट (एक दिवसीय सीमित ओवर्स चैंपियनशिप) |
| 4. | **हैंडबॉल** | महिला | अंडर–19 | जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप |
| 5. | **बास्केटबॉल** | पुरुष | अंडर–18 | जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप |
| 6. | **वॉलीबॉल** | पुरुष | अंडर–19 | जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप |

**अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिपों का वर्गीकरणः–**

भर्ती के प्रयोजन से, अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप्स/स्पर्धाओं को निम्न प्रकार से श्रेणीबद्ध किया गया हैः

श्रेणी क : ओलिंपिक खेल (सीनियर श्रेणी)

श्रेणी ख : विश्व कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी)विश्व चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर श्रेणी) एशियाई खेल (सीनियर श्रेणी) राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर श्रेणी)

श्रेणी ग : राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर श्रेणी) एशियाई चैंपियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर श्रेणी) दक्षिण एशियाई फेडरेशन (एसएएफ) खेल (सीनियर श्रेणी) यूएसआईसी (विश्व रेलवे) चैंपियनशिप (सीनियर श्रेणी)

**खेल उपलब्धियों के आकलन की अवधिः** खेल उपलब्धि तत्काल पिछले दो वर्षों की होगी और खिलाड़ी सक्रिय खिलाड़ी होगा। इस उद्देश्य के हेतु अधिसूचना की तिथि से दो (02) वित्तीय वर्ष का लेखाजोखा लिया जाएगा उदाहरण– स्वरूप 2018–19 में प्राप्त आवेदन हेतु जैसे कि 01.04.2018 से 31.03.2019 तक की नियुक्ति हेतु। वर्तमान एवं पूर्व दो वित्तीय वर्ष जैसे कि 01.04.2016 से 31.03.2017 एवं 01.04.2017 से 31.03.2018 के खेल उपलब्धियों और इसलिए 01.04.2016 को या उसके बाद की खेल उपलब्धि पर सीमित मामले में ही नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा। इस प्रयोजन से, चैंपियनशिप के समापन दिवस पर ध्यान दिया जाएगा।

परीक्षणों में सक्रियता परीक्षण के दौरान उसके प्रदर्शन के अनुसार तय की जाएगी। इसलिए, यह आवश्यक नहीं है कि खेल में उसकी सक्रियता देखने के लिए खिलाड़ी की वर्तमान/पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान खेल उपलब्धि हो।

**3.0 आवेदन/परीक्षण/परीक्षा शुल्कः** परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। आरआरसी नकद/चेक/मनी ऑर्डर/आईपीओ/डिमांड ड्राफ्ट/केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकटों आदि से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं करेगा। उम्मीदवार को ध्यान रखना चाहिए कि आरआरसी/एनआर किसी भी कारण से अपूर्ण या लंबित ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं है। ऐसे मामले में उम्मीदवार को परीक्षा शुल्क का फिर से/नया भुगतान करना जरूरी है।

जारी...

(i) नीचे उप–पैरा (ii) में उल्लेख के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों के लिए: रु. 500/– (पांच सौ रुपये) मात्र आरआरसी/एनआर के पक्ष में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से। परीक्षा शुल्क नीचे (ii) के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं है।

(ii) एससी/एसटी, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए: रु. 250/– (दो सौ पचास रुपये) मात्र। इन श्रेणियों के उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क केवल तभी वापस किया जाएगा जब वे वास्तव में परीक्षण में शामिल होंगे।

(iii) उम्मीदवार ध्यान दें कि परीक्षा शुल्क की वापसी के मामले में इसे उस स्रोत में वापस अंतरित किया जाएगा जिससे यह आरआरसी खाते में प्राप्त हुआ।

**नोट: –** 'अल्पसंख्यक' का मतलब मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, जोरास्ट्रियन (पारसी) और सिख हैं। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का अर्थ उन उम्मीदवारों से होगा जिनकी पारिवारिक आय प्रति वर्ष 50,000/– प्रति रुपये से कम है। अधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र **अनुलग्नक–'IV'** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। इसे जारी करने वाले प्राधिकारी के लेटरहेड पर जारी किया गया होना चाहिए।

**4.0 भर्ती की योजना:** उम्मीदवारों की भर्ती के लिए प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–

(i) आवेदन की स्क्रीनिंग और जांच

(ii) रेलवे/यूनिट टीम के साथ ही भारतीय रेलवे टीम में उनके खेल प्रदर्शन और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए पात्र उम्मीदवारों के परीक्षण आयोजित किए जाएंगे, जिसकी तारीख पात्र उम्मीदवारों को बाद में सूचित की जाएगी।

(iii) भर्ती के लिए अंक (100 अंकों में से) निम्न प्रकार से दिए जायेंगे:–

| क्र. सं. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | मानदंडों के अनुसार मान्यताप्राप्त खेल उपलब्धियों के आकलन के लिए | 50 अंक |
| 2 | परीक्षणों के दौरान खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और कोच की टिप्पणियों के लिए | 40 अंक |
| 3 | शैक्षणिक योग्यता<br>**(नोट: – शैक्षिक योग्यता के लिए, पदों के लिए केवल न्यूनतम शैक्षिक योग्यता पूरी करने वाले उम्मीदवारों को छह अंक दिए जाएंगे, जिन पर उनकी नियुक्ति के लिए विचार किया जा रहा है। उच्चतर शिक्षा योग्यता वाले उम्मीदवार को उच्चतर अंक दिए जाएंगे)** | 10 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

परीक्षण समिति द्वारा 'फिट नहीं' घोषित किए गए उम्मीदवारों का भर्ती समिति द्वारा आगे मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों का आकलन परीक्षण के बाद उसी दिन या परीक्षण के ठीक अगले दिन किया जाएगा।

**5.0 चिकित्सा परीक्षा:** नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को चिन्हित पद के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित आवश्यक चिकित्सा फिटनेस मानकों को पास करना होगा।

**6.0 परिवीक्षा की अवधि** – नियुक्त किए जाने वाले सभी उम्मीदवारों को दो वर्ष (02 वर्ष) की परिवीक्षा अवधि से गुजरना होगा।

**7.0 प्रशिक्षण की अवधि** – चयनित उम्मीदवार को उस पद की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण देना होगा जिस पर उसे चुना गया है।

**8.0 उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षर/जमा करने वाले समझौते/प्रतिभूति जमा/बांड का विवरण:** नियम के अनुसार।

**9.0 नियुक्ति का स्थान:** पूरे उत्तर रेलवे में।

**10.0 सामान्य अनुदेश**

(i) खिलाड़ियों की भर्ती रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई(खेल)/4(1)/1(पॉलिसी) दिनांक 31.12.2010, रेलवे बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी परिवर्तनों/संशोधनों के साथ पठित, के अनुसार की जाएगी।

(ii) यदि किसी आवेदक को अपने आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने में कठिनाई होती है, तो वे अधिसूचना के साथ आरआरसी वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर सकते हैं।

(iii) आरआरसी वेबसाइट पर सिर्फ पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन करना उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए पात्र होने का अधिकार नहीं देता। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले उम्मीदवार की उम्मीदवारी सभी चरणों में अस्थायी है।

(iv) ओपन विज्ञापन कोटे में सभी भर्तियां वेतन मैट्रिक्स में न्यूनतम वेतनमान पर होंगी। योग्य उम्मीदवारों की भर्ती करने का अधिकार रेलवे प्रशासन के पास सुरक्षित है। पात्रता, स्थान, तारीख, चयन का तरीका, स्वीकृति या अस्वीकृति, पद की सिफारिश, तैनाती का स्थान, ग्रेड इत्यादि से संबंधित सभी मामलों पर रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। उत्तर रेलवे प्रशासन के पास उन खेलों के लिए उनकी अपेक्षा और मानदंडों को पूरा करने वाले उपयुक्त उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर किसी भी एकल/टीम खेल के लिए खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है।

(v) एक से अधिक विधा/खेल या स्पर्धा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार प्रत्येक विधा/खेल या स्पर्धा के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अलग–अलग परीक्षा शुल्क सहित अलग–अलग आवेदन जमा करेंगे।

(vi) तारीख और स्थान में परिवर्तन के लिए किसी अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(vii) **शिक्षा/खेल मानदंडों में कोई छूट नहीं, आयु में छूट की अनुमति दी जाएगी।**

(viii) एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, तथापि एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों को शुल्क छूट के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए स्वयं प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र की प्रति अपलोड करना अपेक्षित है जिसके बिना कोई शुल्क छूट अनुमत नहीं है और ऐसे किसी उम्मीदवार के सामान्य उम्मीदवार के लिए लागू 500/– रुपये से कम शुल्क का भुगतान करने पर उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ix) उच्चतर वेतन मैट्रिक्स के खेल मानदंड वाले और निम्नतर वेतन मैट्रिक्स की रिक्तियों पर आवेदन करने वाले खिलाड़ियों पर, अन्यथा पात्र पाये जाने पर, आवेदित लेवल के लिए ही विचार किया जाएगा।

(x) चयन परीक्षण/आकलन में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा। आवेदक को स्वयं की खेल किट लानी होगी। चयन के दौरान उन्हें 4–5 दिनों के लिए रहना भी अपेक्षित हो सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी व्यवस्था करनी होती है। रेलवे प्रशासन को कोई भी तारीख तय करने, जैसा उपयुक्त प्रतीत हो, स्थान बदलने या परीक्षण/मूल्यांकन स्थगित करने (अपनी सुविधा पर), या अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण परीक्षण भी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसके खिलाफ कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xi) जमा करने की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद उम्मीदवार को अल्पकालिक सूचना पर परीक्षण आदि के लिए उपस्थित होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(xii) खेल कोटे में भर्ती किए गए खिलाड़ी की सेवाएं समाप्त कर दी जायेंगी, यदि भर्ती के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी और दस्तावेज किसी भी चरण में गलत/नकली पाए गए।

(xiii) कोई भी उम्मीदवार प्रतिरूपण का प्रयास नहीं करेगा या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी प्रतिरूपणकर्ता की मदद नहीं लेगा। ऐसे उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं में भाग लेने या रेलवे में कोई नियुक्ति पाने से जीवन भर के लिए वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

(xiv) चयन परीक्षण में उपस्थित होने के लिए शुल्क छूट सहित पात्रता सुनिश्चित करने और/या विशेषाधिकार प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार द्वारा तथ्यों के किसी भी तथ्यात्मक छिपाव या जाली प्रमाणपत्र/जाति प्रमाणपत्र जमा करने पर, उस भर्ती विशेष के लिए उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी जिसके लिए उसने आवेदन किया है। इसके अलावा, उसे देश भर में सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से भी वंचित कर दिया जाएगा और वारंट किए जाने पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

(xv) जिन उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं से जीवन भर के लिए वंचित किया गया है या जिन वंचित किए गए उम्मीदवारों का निर्दिष्ट समय अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उन उम्मीदवारों को इस रोजगार सूचना के जवाब में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती के किसी भी चरण के दौरान पता चलने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

(xvi) मौजूदा नियमों के अनुसार रोजगार सूचना के नियमों और शर्तों में बाद में कोई भी बदलाव मान्य होगा। आरआरसी के पास इस रोजगार सूचना के तहत भर्ती के नियमों और शर्तों में लागू होने पर कोई भी परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन/निरस्तीकरण करने का अधिकार सुरक्षित है।

(xvii) खेल कोटे के माध्यम से चुने गए उम्मीदवारों को न्यूनतम 5 वर्ष के लिए अपने खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन करना होगा। उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन पहले दो वर्षों की सेवा (परिवीक्षा अवधि) के दौरान किया जाएगा। यदि प्रदर्शन उपयुक्त स्तर का नहीं पाया जाता है तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

(xviii) आरआरसी के पास भर्ती की प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि आवेदन/उम्मीदवारी में कोई अनियमितता/कमी ध्यान में आती है।

(xix) किसी भी कानूनी विवाद के लिए, न्यायाधिकार क्षेत्र केवल नई दिल्ली में होगा।

(xx) व्याख्या या किसी गलती के बारे में किसी विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को मान्य समझा जाएगा।

(xxi) किसी भी रूप में सिफारिश, दुर्व्यवहार या कदाचार से उम्मीदवारी को अस्वीकृत और निरस्त कर दिया जाएगा और इस मामले में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(xxii) ताकत बढ़ाने वाली दवाओं/स्टेरॉयड/अल्कोहल इत्यादि का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित है और यदि आवश्यक हो तो उम्मीदवारों को चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ सकता है। इन चीजों का उपयोग करने वाले उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी भारतीय रेल में किसी भी चयन प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित कर दी जाएगी। भले ही चयन प्रक्रिया के बाद भी यह पाया जाए कि उम्मीदवार ने ऐसी दवाएं उपयोग की हैं, रेलवे प्रशासन के पास किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

(xxiii) टंकण कौशल में प्रवीणता: खेल कोटे में, क्लर्क/सीनियर क्लर्क के तौर पर भर्ती के मामले में, खिलाड़ियों को नियुक्ति की तारीख से चार साल की अवधि में अपेक्षित प्रकार की टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

**11.0 अमान्य आवेदन/अमान्य उम्मीदवारी:– आवेदक द्वारा जमा/जमा न किए गए आवेदन पत्र/दस्तावेजों में प्राप्त निम्नलिखित किसी कमी/विसंगति के कारण भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदन अमान्य/उम्मीदवारी अमान्य/अस्वीकार कर दिए जाएंगे:–**

(i) निर्धारित प्रारूप में नहीं और अधूरा या अस्पष्ट आवेदन।

(ii) फोटो, एलएचटी निशान के बिना, हस्ताक्षर न किया गया आवेदन/कैपिटल अक्षरों में हस्ताक्षर या चयन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न स्थानों पर विभिन्न हस्ताक्षर।

(iii) परीक्षा शुल्क के बिना या कम शुल्क वाला आवेदन।

(iv) जन्म की तारीख, शैक्षणिक योग्यताओं, खेल उपलब्धियों, जाति के प्रमाण, कार्यरत होने पर नियोक्ता से एनओसी आदि के बिना आवेदन।

(v) अधिक आयु या कम आयु, नहीं भरी गई या गलत तरीके से भरी गई जन्म तिथि।

(vi) अपेक्षित प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी अपलोड नहीं की गई।

(vii) आवेदन करते समय आवश्यक शैक्षिक योग्यता और खेल योग्यता नहीं हो।

(viii) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में भरे गए आवेदन।

(ix) पहले से सरकारी सेवा/सार्वजनिक उपक्रम/अंडरटेकिंग इत्यादि में नियोजित उम्मीदवार को नियोक्ता से एनओसी के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आवेदन को एकदम अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(x) **उम्मीदवार यह ध्यान दें कि शिक्षा, जाति और खेल योग्यता के सभी संबंधित प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाएं, ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।** मूल प्रमाण पत्र आरआरसी/एनआर को नहीं भेजे जाने चाहिए और ये परीक्षण/आकलन/दस्तावेज सत्यापन के समय अपेक्षित हैं, ऐसा न करने पर आवेदक को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xi) **उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों (जन्म तिथि का मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता, खेल उपलब्धियां, जाति प्रमाणपत्र, कार्यरत होने पर नियोक्ता से एनओसी, आदि) की मूल प्रति स्वयं सत्यापित फोटोकॉपियों के एक सेट सहित परीक्षण और आकलन के दिन साथ लेकर आएं, ऐसा न करने पर उन्हें परीक्षण/आकलन में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी में स्वयं सत्यापित अनुवाद के साथ होने चाहिए।**

(xii) कोई भी तथ्य छिपाने, या प्रक्रिया के किसी भी चरण में ध्यान में आई किसी अन्य अनियमितताओं के मामले में आवेदकों की उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी चरण में निरस्त कर दी जाएगी।

**12.0 विविध:**

(i) विज्ञापन में किसी भी अनजान त्रुटि के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा (आरआरसी वेबसाइट चयन के दौरान विभिन्न जानकारी के लिए उम्मीदवारों के साथ संपर्क का प्राथमिक और मुख्य स्रोत होगी।)

**13.0 ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए कदम:**

अधिसूचना के अंत में दिए गए बॉक्स में उम्मीदवार द्वारा दिए गए अंडरटेकिंग पर क्लिक **करें कि मैंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अनुपालन के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों सहित अधिसूचना को सावधानीपूर्वक पढ़ा है।**

जारी...

⇩

**ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें – लॉगइन बॉक्स में दो विकल्प दिखाई देंगे यानी पहले से पंजीकृत उम्मीदवारों और नए पंजीकरण के लिए लॉगइन।**

⇩

**उम्मीदवार का डैशबोर्ड लाल रंग का दिखाई देगा जो चरण वार पूर्ण होने पर हरे रंग का हो जाएगा। उम्मीदवार भुगतान स्लिप का प्रिंट लेने और भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन, यदि जरूरत हो तो, के विकल्प सहित भाग I से भाग IV तक ऑनलाइन आवेदन एक बार में या भागों में पूरा कर सकते हैं, किंतु सभी मामलों में यह अंतिम तारीख के भीतर पूर्ण किया जाना चाहिए। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक चरण में सॉफ्टवेयर द्वारा दिए गए अनुदेशों का पालन करें।**

| भाग I | भाग II | भाग III | भाग IV | भाग V | भाग VI |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण फॉर्म | आवेदन पत्र | परीक्षा शुल्क का भुगतान | दस्तावेज, फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान इत्यादि अपलोड करना | ऑनलाइन भुगतान विवरण का प्रिंट | आवेदन का विवरण/प्रिंट |

**14.0 ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए जाने वाले संलग्नकः–**

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे, ऐसा न किए जाने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

क. जन्म तिथि (10वीं या मैट्रिक पास प्रमाणपत्र) का प्रमाण।

ख. श्रेणी/पद के लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षिक यानी 12वीं या स्नातक जैसा भी मामला हो और खेल योग्यता का प्रमाण।

ग. एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़े आदि उम्मीदवारों के मामले में **अनुलग्नक–I से अनुलग्नक–V** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र (आरआरसी वेबसाइट यानी **www.rrcnr.org** से डाउनलोड किया जाएगा)

घ. हस्ताक्षर, अँगूठे का निशान, फोटोग्राफ, अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी) यदि पहले से शामिल हो।

**अध्यक्ष**

**3074/2018** **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**